8-1/CSU/Acd/Admissions/CUET-PG/2026/316

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**Central Sanskrit University**

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

दिनांक/Date: 18.06.2026

**(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)**

**अधिसूचना/Notification**

**विषय : शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष (B.Ed.) प्रवेश 2026-27 हेतु प्रथम चरण (PHASE-I) की विस्तृत अधिसूचना।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में संचालित शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) प्रथम वर्ष कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर वरीयता क्रम एवं आरक्षण नियमों के अनुसार परामर्श (Counselling) हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है। यह सूचना केवल परामर्श (Counselling) हेतु है तथा इससे प्रवेश का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

परामर्श प्रक्रिया की सफल समाप्ति तथा अभ्यर्थी की पात्रता सत्यापित होने के उपरान्त ही प्रवेश प्रदान किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से जमा कराना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर परामर्श हेतु उपस्थित न होने, निर्धारित अवधि में शुल्क जमा न करने अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी की प्रवेश पात्रता स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

**परामर्श (Counselling) हेतु आवश्यक प्रमाणपत्र** (मूल एवं स्वप्रमाणित प्रतियों सहित साथ लाना अनिवार्य)

1. शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) का ऑनलाइन आवेदन पत्र (Samarth Portal से डाउनलोड किया हुआ)।
2. Part-B Form (विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर भरकर प्रस्तुत करें)।
3. जन्मतिथि प्रमाण हेतु मैट्रिक/सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र।
4. प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।
5. शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।
6. यदि शास्त्री/बी.ए. का परिणाम प्रतीक्षित है तो परिशिष्ट-3 के अनुसार शपथ-पत्र।
7. आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका (यदि लागू हो)।
8. SC/ST/OBC/EWS श्रेणी हेतु केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अद्यतन प्रमाणपत्र।
9. दिव्यांग (PwBD) अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 40% दिव्यांगता का उल्लेखयुक्त चिकित्सीय प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र।
10. क्रीड़ा (Sports) अथवा युद्ध आहत (CW) श्रेणी से संबंधित प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
11. Migration Certificate.
12. Transfer Certificate (TC) एवं Character Certificate.
13. APAAR/Academic Bank of Credits (ABC) पंजीकरण प्रमाणपत्र।
    https://apaar.education.gov.in/get-your-apaar
14. एकल बालिका (Single Girl Child) प्रमाणपत्र एवं शपथ-पत्र (यदि लागू हो)।
15. अद्यतन EWS प्रमाणपत्र (केन्द्र सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार वैध)।
16. OBC (Non-Creamy Layer) प्रमाणपत्र (केन्द्र सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार वैध)।
17. Jammu-Kashmir-Ladhak & North Eastern Region (JK & NER) से संबंधित प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
18. Anti-Ragging पोर्टल पर पंजीकरण प्रमाणपत्र।
    https://www.antiragging.in/affidavit_registration_disclaimer.html

**प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण निर्देश**

- संबंधित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति द्वारा पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश मान्य होगा।
- सभी प्रवेश केवल निर्धारित तिथियों में ही किए जाएंगे।
- ऑनलाइन आवेदन में अंकित कोई भी सूचना जांच में असत्य पाए जाने पर प्रवेश तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
- एक बार आवंटित परिसर में प्रवेश लेने के उपरान्त परिसर परिवर्तन/स्थानांतरण की अनुमति नहीं होगी।
- प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात रिक्त स्थानों पर प्रतीक्षा सूची के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है, जिसकी सूचना केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से पृथक् सूचना प्रेषित नहीं की जाएगी।

**भौतिक सत्यापन एवं प्रवेश**

अभ्यर्थियों को आवंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित होकर परामर्श प्रक्रिया में सम्मिलित होना होगा। दस्तावेजों के सफल सत्यापन के उपरान्त स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही स्थायी अथवा अनंतिम (Provisional) प्रवेश प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी किन्ही अपरिहार्य कारणों से यदि अधिसूचना में निर्दिष्ट प्रमाण पत्र को प्रवेश प्रक्रिया के समय प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे उन्हें अनंतिम प्रवेश प्रदान किया जाएगा तथा इस संदर्भ में इस निम्नलिखित आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा—

*"मैं ............................................. यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं मूल प्रमाणपत्रों सहित आवंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराऊँगा/कराऊँगी। सत्यापन में असफल होने अथवा अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में मेरा प्रवेश बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे द्वारा जमा की गई शुल्क राशि वापस नहीं की जाएगी।"*

अस्थायी/अनंतिम प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को 31 अगस्त 2026 तक अर्हता हेतु आवश्यक अंतिम वर्ष परीक्षा, सत्रार्द्ध परीक्षा अथवा अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।

जिन अभ्यर्थियों के विश्वविद्यालयीय परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुए हैं, उन्हें 31 अगस्त 2026 तक शपथ-पत्र (Undertaking) के आधार पर अनंतिम प्रवेश दिया जा सकेगा। यह सुविधा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को उपलब्ध होगी जिनकी संबंधित परीक्षाएँ सम्पन्न हो चुकी हैं।

**सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र हेतु शुल्क संरचना**

भौतिक सत्यापन के उपरान्त समर्थ पोर्टल पर https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/ ऑनलाइन माध्यम से निम्नानुसार शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा —

| शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष | शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध - 7500/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) | तृतीय सत्रार्द्ध - 7500/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) |
| द्वितीय सत्रार्द्ध - 1700 /- (GEN/ EWS/OBC/SGC)<br>1200/- (SC/ST/CW) | चतुर्थ सत्रार्द्ध - 1700/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/- (SC/ST/CW) |

**नोट :** PwBD (दिव्यांग) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 100% सम्पूर्ण शुल्क छूट रहेगी, जिसे प्रवेश समिति की अनुशंसा पर परिसरीय तकनीकी सहायक (TA) अपने स्तर से समर्थ पोर्टल पर छात्र की फीस को अपडेट (Zero Fees) करेंगे।

**अपवर्ड मूवमेंट (Upward Movement) संबंधी निर्देश:**

• अपवर्ड मूवमेंट की विस्तृत जानकारी हेतु शिक्षाशास्त्री प्रवेश दिशा निर्देशिका का अवलोकन करें।
• केवल वे अभ्यर्थी, जिन्होंने PHASE-I में प्रवेश प्राप्त कर लिया है, अपवर्ड मूवमेंट हेतु पात्र होंगे।
• अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवेदन करना पूर्णतः स्वैच्छिक (Optional) है। केवल इच्छुक अभ्यर्थी ही इसके लिए आवेदन करें।
• जिन अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र में अंकित प्रथम वरीयता के अनुसार परिसर आवंटित होकर प्रवेश मिल चुका है, उनके अपवर्ड मूवमेंट पर विचार नहीं किया जाएगा।
• प्रथम चरण में प्रवेश न लेने वाले अभ्यर्थियों से रिक्त हुई सीटों पर मेरिट के आधार पर अपवर्ड मूवमेंट के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
• अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि यदि उन्हें अन्य परिसर आवंटित किया जाता है तो वे वहाँ प्रवेश लेने के इच्छुक हैं।
• यदि कोई अभ्यर्थी स्वेच्छा से अथवा भूलवश अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवेदन करता है तथा अपवर्ड मूवमेंट की प्रक्रिया में उसे नवीन परिसर आवंटित हो जाता है, तो उसे नवीन आवंटित परिसर में निर्धारित तिथि एवं समय पर अध्ययन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। नवीन आवंटित परिसर में निर्धारित अवधि में प्रवेश न लेने अथवा उपस्थित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
• अपवर्ड मूवमेंट के परिणामस्वरूप नवीन परिसर आवंटित होने के पश्चात पूर्व में आवंटित परिसर का दावा स्वतः समाप्त हो जाएगा तथा पूर्व आवंटन बहाल करने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
• अपवर्ड मूवमेंट के लिए ₹1000/- (अप्रतिदेय/Non-Refundable) शुल्क देय होगा।
• इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Google Form के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसका लिंक प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
विशेष नोट - अपवर्ड मूवमेंट के अलावा स्थानान्तरण हेतु किसी भी छात्र के अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

• अनंतिम प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों का प्रवेश तभी स्थायी माना जाएगा जब वे समस्त मूल प्रमाणपत्रों सहित आवंटित परिसर में उपस्थित होकर सफलतापूर्वक सत्यापन पूर्ण करेंगे।

**• परामर्श (Counselling) एवं प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 23.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होकर 30.06.2026 को सायं 05:30 बजे तक सम्पन्न होगी।**

• प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के उपरान्त सभी विद्यार्थियों को **01.07.2026** को आवंटित परिसर में अध्ययन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**परिसरवार सम्पर्क विवरण (SPOC)**

प्रवेश से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान एवं जिज्ञासा हेतु अभ्यर्थी कार्यालयीय समय में आवंटित परिसर के निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

| क्र.सं. | परिसर का नाम | सम्पर्क हेतु सम्बन्धित परिसरीय प्राध्यापक का नाम एवं दूरभाष |
|---|---|---|
| 1. | एकलव्य परिसर, सिपाई, लेम्बुचेरा, पश्चिम त्रिपुरा – 799210 | Dr. Bijaya Kumar Jena – 9090815006 |
| 2. | श्री वेदव्यास परिसर, बलाहर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 177108 | Dr. Satya Dev- 9619013708 |
| 3. | श्री महाराजा रणवीरसिंह परिसर, कोट- भलवाल, जम्मू -181122 | Prof. Rishi Raj-7085918009 |
| 4. | गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, त्रिशूर, केरल – 680551 | Dr. Sruthy K B- 9562342289 |
| 5. | श्री राजीव गांधी परिसर, मेणसे, भारती नगर, श्रृंगेरी, कर्नाटक – 577139 | Dr. Narayana Vaidya – 9449278130<br>Prof. R. Balaji -9481223990 |
| 6. | भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बाग सेवनिया, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462043 | Prof. A. K. Kachhwah -7723887234 |
| 7. | श्री सदाशिव परिसर, पुरी, ओडिशा - 752001 | Prof. V.P. Kachhwah- 9419260594 |
| 8. | जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राजस्थान – 302018 | Dr. Om Prakash- 8258800101 |
| 9. | लखनऊ परिसर, विशाल खण्ड - 4, गोमती नगर, लखनऊ, उ. प्र. – 226010 | Dr. Rudra N. N. Mishra- 9555848326 |

प्रवेशार्थी प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी हेतु शिक्षाशास्त्री प्रवेश दिशा निर्देशिका एवं विवरणिका (Prospectus) का अवलोकन करें।

(डॉ. विजय कुमार दाधीच)
**प्रभारी अधिकारी - प्रवेश**

**प्रतिलिपि**:-

1. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय
2. निजी सचिव, कुलसचिव कार्यालय
3. परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
5. अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र विद्यास्थान
6. अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा
7. परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
8. सम्बद्ध संचिका